**श्रीमती अनिता यादव, मुख्य विकास अधिकारी, अयोध्या द्वारा समीक्षा बैठक दिनांक– 26.09.2022 की कार्यवृत्ति / दिये गये महत्त्वपूर्ण निर्देश बिन्दु।**

दिनांक 26.09.2022 को विकास भवन स्थित कार्यालय कक्ष में अधोहस्ताक्षरी द्वारा हर घर जल जीवन मिशन के अन्तर्गत हर घर जल के संबंध में समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में अधिशाषी अभियन्ता, जल निगम, सहायक अभियन्ता एवं अवर अभियन्ता जल निगम, डी0सी0, डी0पी0एम0यू0 तथा चयनित एजेन्सी मेसर्स गायत्री रैम्की (जे0बी0), मेसर्स यूनिवर्सल एमईपी प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग सर्विस के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में की गयी चर्चा एवं दिये गये निर्देशानुसार सभी संबंधित अधिकारी कृपया निम्न बिन्दुओं पर तत्काल अपेक्षित कार्यवाही करते हुए अनुपालन आख्या प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

- जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद अयोध्या में 3,66,040 Total rural household हैं, परन्तु अभी तक 13669 household tap connections कराये गये है, जो कि कुल household tap connections का 5.51 प्रतिशत है। चयनित एजेन्सी मेसर्स गायत्री रैम्की(जे0बी0) द्वारा माह सितम्बर में लक्ष्य के सापेक्ष बहुत कम household tap connections कराया गया है। चयनित एजेन्सी मेसर्स गायत्री रैम्की(जे0बी0) के प्रतिनिधि को अधिक से अधिक household tap connections कराने के निर्देश दिए गए। सभी सहायक अभियन्ता एवं अवर अभियन्ताओं को क्षेत्र में जाकर कनेक्शन कराने एवं कार्य में अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए गए।
- मेसर्स यूनिवर्सल एमईपी प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग सर्विस, मेसर्स वी0एस0ए0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा0लि0 के प्रतिनिधियों ने अवगत कराया कि कुल 41 जगहों पर भूमि उपलब्ध नहीं है। सम्बन्धित प्रतिनिधियों को उपरोक्त जगहों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। डी0पी0एम0यू0 से पूछा गया कि कहीं भूमि संबंधी विवाद है, तो उसकी सूचना दें दे। डी0पी0एम0यू0 एवं तीनों एजेन्सियों के प्रतिनिधियों द्वारा अवगत कराया गया कि कहीं भी भूमि संबंधी कोई विवाद नहीं है।
- ऑनलाइन पोर्टल व प्रस्तुत रिपोर्ट में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत विरचित होने वाले विस्तृत प्राक्कलन विवरण मेसर्स गायत्री रैम्की, मेसर्स यूनिवर्सल एमईपी प्रोजेक्ट एवं मेसर्स वी0एस0ए0इन्फ्रा प्रोजेक्ट के कमशः 84,170 एवं 316 तथा कुल 570 प्राक्कलन ऑनलाइन फीडं है, जबकि मेसर्स यूनिवर्सल एमईपी प्रोजेक्ट एवं मेसर्स वी0एस0ए0इन्फ्रा प्रोजेक्ट के प्रतिनिधियों द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में उनके 160 एवं 310 विरचित होने वाले प्राक्कलन है। इस प्रकार कुल विरचित होने वाले प्राक्कलन 570 के स्थान पर 554 हुए। डी0पी0एम0यू0 व अधिशाषी जल निगम को निर्देशित किया गया कि विरचित होने वाले प्राक्कलन की रिपोर्ट को 570 के स्थान पर 554 को संशोधित कराते हुए यथाशीघ्र अपडेट कराना सुनिश्चित करें।

  इस प्रकार जल जीवन मिशन के अन्तर्गत विरचित होने वाले प्राक्कलन 554 के सापेक्ष 440 प्राक्कलन फर्म द्वारा एवं 292 डी0डब्लू0एस0एन0 द्वारा तथा 276 एस0डब्लू0एस0एन0 द्वारा विरचित किये गये है। अधिशाषी अभियन्ता, जल निगम को अवशेष प्राक्कलनों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।

- मेसर्स गायत्री रैम्की(जे0बी0), मेसर्स यूनिवर्सल एमईपी प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग सर्विस, मेसर्स वी0एस0ए0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा0लि0 के प्रतिनिधियों को भूमि उपलब्धता के आधार पर अवशेष डी0पी0आर0 तीन दिवस के अन्दर स्वीकृति हेतु प्रस्तुत करें। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि जो डी0पी0आर0 स्वीकृत है, वहाँ कवर्ड एग्रीमेन्ट तैयार कर कार्य प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें, जिससे tap connections शीघ्रता से हो सके।
- मेसर्स गायत्री रैम्की(जे0बी0), मेसर्स यूनिवर्सल एमईपी प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग सर्विस एवं मेसर्स वी0एस0ए0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा0लि0 के प्रतिनिधि ने अवगत कराया कि 86 डी0पी0आर0 विभिन्न स्तरों पर लम्बित है। अधिशाषी अभियन्ता, जल निगम को शीघ्र ही अवशेष डी0पी0आर0 को स्वीकृत कराने के निर्देश दिए गए।
- मेसर्स गायत्री रैम्की(जे0बी0) के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि 84 विरचित प्राक्कलन के सापेक्ष 36 पर ही कार्य चल रहा है, जिसके कम में अधिक से अधिक जगहों पर कार्य कराने एवं प्रतिदिन अधिकतम tap connections कराने के निर्देश दिए गए, जिससे कि लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ति सम्भव हो सके।
- अधिशाषी अभियन्ता, जल निगम को निर्देशित किया गया कि पाइपलाइन में अवशेष डी0पी0आर0 को समय से तैयार कराये एवं डी0डब्लूएस0एम0 से अप्रूव कराकर एस0डब्लू0एस0एम0 में प्रेषित कराना सुनिश्चित करें एवं household tap connections की प्रगति में अपेक्षित सुधार लाना सुनिश्चित करें एवं फेज–1 में अवशेष कनेक्शन को भी पूर्ण कराना सुनिश्चित करें एवं एजेन्सियों को लक्ष्य देकर प्रगति में अपेक्षित सुधार लाना सुनिश्चित करें।
- अधिशाषी अभियन्ता, जल निगम को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक सप्ताह शनिवार को डी0डब्लू0एस0एन0 की बैठक कराना सुनिश्चित करें।

बैठक के अन्त में सभी संबंधित को दिये गये निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करने हेतु निर्देशित किया गया एवं धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

(अनिता यादव)
मुख्य विकास अधिकारी,
अयोध्या।

**कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, अयोध्या।**

पत्रांक– 986 /समीक्षा बैठक–निर्देश/2022–23 दिनांक 29 अगस्त, 2022

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– जिलाधिकारी, महोदय, अयोध्या को सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
2– अधिशाषी अभियन्ता, जल निगम, अयोध्या को अनुपालनार्थ।
3– डिस्ट्रिक्ट कोआर्डिनेटर, डी0पी0एम0यू0, अयोध्या को अनुपालनार्थ।
4– मेसर्स गायत्री रैम्की(जे0बी0), मेसर्स यूनिवर्सल एमईपी प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग सर्विस, मेसर्स वी0एस0ए0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा0लि0 द्वारा अधिशाषी अभियन्ता, जल निगम को अनुपालनार्थ।

मुख्य विकास अधिकारी,
अयोध्या।